# प्रतिवेदन

कक्षा -दसवीं

प्रस्तुतकर्ता
डॉ.सुनील बहल

## *खेल दिवस का आयोजन*

सरकारी हाई स्कूल मेरठ, में दिनांक 14 जनवरी, 2020 को स्कूल का वार्षिक खेल-दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माननीय ज़िला शिक्षा अधिकारी, मेरठ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। स्कूल के मुख्याध्यापक ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने खेल-दिवस का शुभारम्भ झंडोत्तोलन करके किया। विद्यार्थियों ने हाई जम्प, शॉर्ट पुट, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर रेस, लेमन इन स्पून रेस, स्किपिंग रेस आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रत्येक खेल में पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन से सभी मंत्रमुग्ध थे।

**मुख्याध्यापक**
**सरकारी हाई स्कूल**
**मेरठ**

उपर्युक्त गद्यांश से पता चलता है कि यह सरकारी हाई स्कूल मेरठ के वार्षिक खेल दिवस के विवरण का लिपिबद्ध रूप है। हम पत्र-पत्रिकाओं में किसी भी संस्था, सभा, विभाग आदि की किसी घटना/कार्यवाही का विवरण पढ़ते हैं। इस तरह के विवरण को ही प्रतिवेदन कहते हैं। अंग्रेज़ी में प्रतिवेदन के लिए रिपोर्ट शब्द का प्रयोग किया जाता है।

**अतः** <u>किसी भी संस्था, सभा, विभाग आदि की किसी घटना कार्यवाही के विवरण का लिपिबद्ध रूप ही प्रतिवेदन कहलाता है।</u>

## प्रतिवेदन के अंग

प्रतिवेदन के मुख्य तीन अंग होते हैं।

1. **शीर्षक :** जिस भी विषय पर प्रतिवेदन लिखा जा रहा हो, उसका शीर्षक लिखा जाना चाहिए। शीर्षक संक्षिप्त होना चाहिए।
2. **विषय वर्णन :** विषय से सम्बन्धित सभी बातों का विवरण लिखा जाना चाहिए।
3. **हस्ताक्षर, पदनाम व पता :** प्रतिवेदन लिखने वाले को अंत मं अपने हस्ताक्षर करके पदनाम व पता लिखना चाहिए।

## प्रतिवेदन लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातें :

प्रतिवेदन लिखते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए :

1. प्रतिवेदन का विषय स्पष्ट होना चाहिए।
2. इसमें मुख्य सभी बातों का समावेश होना चाहिए।
3. अनावश्यक विस्तार से बचना चाहिए।
4. प्रतिवेदन अपने आप में पूर्ण होना चाहिए।
5. भाषा सरल व विषयानुरूप होनी चाहिए।
6. इसमें सभी बातों/घटनाओं को क्रमबद्ध रूप से लिखा जाना चाहिए।

## प्रतिवेदन लिखने के उदाहरण

प्रतिवेदन लिखने के निम्नलिखित उदाहरण हैं :-

1. आपका नाम संजीव कुमार है। आप विवेकानन्द हाई स्कूल मुक्तसर में पढ़ते हैं। आप स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अध्यक्ष हैं। आपके स्कूल में 18 अप्रैल 2020 को सुन्दर लिखाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें साठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल की मुख्याध्यापिका द्वारा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को इनाम बाँटे गये। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए।

**शीर्षक : सुन्दर लिखाई प्रतियोगिता का आयोजन**

विवेकानन्द हाई स्कूल मुक्तसर में दिनांक 18 अप्रैल 2020 को सुन्दर लिखाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में साठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल की मुख्याध्यापिका द्वारा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को इनाम बाँटे गये।

**संजीव कुमार**
**अध्यक्ष**
**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**विवेकानन्द हाई स्कूल, मुक्तसर**

2. आपका नाम आनन्दिता है। आप ज्ञानोदय हाई स्कूल हिसार में पढ़ती हैं। आप स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अध्यक्षा हैं। आपके स्कूल में दिनांक 15 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाज सेवी

श्री किशोरी लाल जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उनके द्वारा राष्ट्रीय झंडा तिरंगा फहराया गया। मुख्य अतिथि ने शहीदों को श्रद्धाजलि दी व अपने भाषण द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना को जागृत किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में सभी को लड्डू वितरित किए गए। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए।

**शीर्षक : स्वतंत्रता दिवस का आयोजन**

ज्ञानोदय हाई स्कूल हिसार में दिनांक 15 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री किशोरी लाल जी द्वारा राष्ट्रीय झंडा तिरंगा फहराया गया। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी व अपने भाषण द्वारा विद्यार्थियों में राष्टोय भावना को जागृत किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में सभी को लड्डू वितरित किए गए।

**आनन्दिता**
**अध्यक्ष**
**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**ज्ञानोदय हाई स्कूल, हिसार**

---

**धन्यवाद**

**डॉ.सुनील बहल**

**एम.ए.(संस्कृत,हिंदी),एम.एड.,पीएच.डी (हिंदी**

---